दिनांक 9 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर आज उपायुक्त टी.पी. लहरें के द्वारा जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 6 के एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया गया!
बता दें कि विगत दिनों लिए गए समीक्षा बैठक में सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए श्री सुंदरानी ने कहा कि कहीं भी डंपर से कचरे का परिवहन खुले में ना हो यह सुनिश्चित कर लें, स्वच्छता से संबंधित समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें , सभी जोन क्षेत्रों में एस.एल.आर.एम. सेंटर की व्यवस्था करें , विभिन्न प्रकार बीमारियों के आगमन का इंतजार न करें अभी कड़ी मेहनत करनी शुरू कर दे ताकि शहर स्वच्छ , सुंदर एवं बीमारी से मुक्त रहें!
उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में ,सूखे कचरे व गीले कचरे के आने के स्रोत स्थान के विषय में , सूखे कचरे के विक्रय के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर व्यवस्था में बेहतर सुधार हेतु कहा गया!
निरीक्षण के दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी/अधिकारी मौके पर मौजूद रहे!

जल है तो कल है
जल ही जीवन है

23 अप्रैल को मतदान करने जाना है अपना फर्ज निभाना है!